Title: Need to take concrete steps for providing employment to unemployed youth in Mahakoshal area of Madhya Pradesh -laid.

श्री दादा बाबूराव परांजपे (जबलपुर) : मान्यवर, महाकौशल में मात्र छह रक्षा उत्पादन कारखाने स्थापित हैं तथा उनकी वर्तमान स्थिति अत्यन्त चिन्ताजनक है। मिलिट्री की आवश्यकताओं हेतु सामान की आपूर्ति प्राइवेट उद्योगों के द्वारा की जा रही है और रक्षा उत्पादन कारखानों में कार्यरत एक लाख से ज्यादा श्रमिकों एवं कर्मचारियों को कार्य का अभाव है। इसी कारण रक्षा उत्पादन कारखानों में नई भर्ती सन १९८४ से बन्द है। यही कारण है कि बेरोजगारी का बेतहाशा बढ़ना इन २० जिलों में मात्र खेती तथा कुछ जिलों में बीड़ी बनाना ही कार्य शेष रहा है। घर-घर में नौजवान बेरोजगार बैठे हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि बेरोजगारी के निवारण हेतु शीघ्र ही ठोस कदम उठाये जायें।